23/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि पिछले डेढ़ साल में देश के युवाओं को करीब दस लाख सरकारी नौकरियां दी गई हैं। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नवनियुक्त भर्तियों में 71 हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों से देश के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थानों में सरकारी नौकरियां देने का अभियान चल रहा है। इधर ईटानगर में केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रोजगार मेले के दौरान नवनियुक्त भर्तियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए उनसे 2047 तक राष्ट्र को 'विकसित भारत' बनाने के मिशन में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने नवनियुक्त युवाओं को हमारे देश का भविष्य बताते हुए कहा कि उनपर बहुत जिम्मेदारी हैं और राष्ट्र की सेवा करना जीवन की शुरुआत है। पिछले 10 वर्षों के दौरान मोदी सरकार के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए श्री रिजिजू ने कहा कि रोजगार मेले के माध्यम से वर्तमान सरकार का उद्देश्य पारदर्शी तरीके से रोजगार प्रदान करना है।

0000000000000000000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कृषि ग्रामीण विकास की रीढ़ है और जब तक ग्रामीण परिदृश्य नहीं बदलेगा, तब तक देश विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा नहीं कर सकता। नई दिल्ली में चौधरी चरण सिंह पुरस्कार 2024 के प्राप्तकर्ताओं के साथ बातचीत के दौरान श्री धनखड़ ने कहा कि गांव की अर्थव्यवस्था तभी बेहतर हो सकती है

जब किसान और उनका परिवार मार्केटिंग, मूल्य संवर्धन और आत्मनिर्भर बनने के लिए क्लस्टर बनाने में शामिल हों। उपराष्ट्रपति ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की असाधारण विरासत की सराहना की और ग्रामीण विकास, किसानों के कल्याण और समावेशी विकास के प्रति उनके अथक समर्पण पर जोर दिया।

0000000000000000000000

उत्तर प्रदेश के मंत्री जयवीर सिंह और केपी मलिक ने आज अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड केटी परनाईक से राजभवन, ईटानगर में मुलाकात की और उन्हें प्रयागराज में आयोजित होने वाली महाकुंभ मेले में आने का निमंत्रण दिया, जो आगामी 13 जनवरी से शुरू होकर छब्बीस फरवरी को समाप्त होगा। उत्तर प्रदेश सरकार के निमंत्रण को स्वीकारते हुए राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि महाकुंभ-2025 भारत की जीवंत सांस्कृतिक, भक्ति और धार्मिक सार को प्रदर्शित करेगा। राज्यपाल ने राज्य में होने वाले धार्मिक आयोजनों और परशुराम कुंड, मालिनीथान और तवांग मठ सहित धार्मिक स्थानों पर जानकारी भी दी। उन्होंने मंत्रियों और उत्तर प्रदेश के लोगों को अरुणाचल प्रदेश आने का निमंत्रण दिया। रविवार को दोनों मंत्रियों ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू से सिविल सचिवालय ईटानगर में मुलाकात की और उन्हें महाकुंभ मेले के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित भी किया।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (APPSC) द्वारा गत 15 दिसंबर को राज्य भर के 18 जिलों के सत्तासी केंद्रों पर आयोजित अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024, APPSCCE-2024 प्रेलिम्स के परिणाम गत रविवार घोषित किए। लगभग 17,000 उम्मीदवारों में से कुल एक हजार छ सौ अट्ठावन उम्मीदवारों ने APPSCCE अगामी मेन्स इग्जैम में प्रवेश के लिए सफल हुए। योग्य उम्मीदवारों को APPSCCE-2024 मेन्स के लिए विस्तृत आवेदन पत्र (DAF) में फिर से आवेदन करना होगा जो APPSC की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। APPSC सचिव पारुल गौर मित्तल ने कहा कि DAF को ऑनलाइन जमा करने की तिथि और मेन्स इग्जैम की तिथि को समय पर अलग से अधिसूचित किया जाएगा।

000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश लिटरेरी सोसाइटी (APLS) ने अपने 19वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गत शनिवार और रविवार को दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। इस समारोह का समापन करते हुए जेएन स्टेट म्यूज़ियम, ईटानगर में 'शॉर्ट स्टोरी राइटिंग वर्कशॉप' सहित साहित्यिक सत्रों की एक श्रृंखला का आयोजन किया गया। APLS के अध्यक्ष, पद्मश्री वाईडी थोंगची ने मीडिया को संबोधित करते हुए 2 दिसंबर 2006 को इसके गठन के बाद से APLS की यात्रा के बारे में जानकारी सझा की। श्री थोंगची ने कहा कि, राज्य में जन जागरूकता को बढ़ावा देने से लेकर यहां साहित्य का माहौल बनाने तक, APLS ने हर क्षेत्र में काम किया है।

उन्होंने कहा कि APLS साहित्य अकादमी, असम साहित्य सभा, नेशनल बुक ट्रस्ट और नॉर्थईस्ट जोनल कल्चरल सेंटर जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ मिलकर राज्य में नियमित साहित्यिक गतिविधियाँ चला रहा है।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय कुवैत की यात्रा के दौरान कुवैत ने प्रधानमंत्री को अपना सर्वोच्च सम्मान, ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर से सम्मानित किया। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया यह 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर कुवैत का एक उच्चस्तरीय सम्मान है। यह मित्रता के प्रतीक के रूप में राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी संप्रभुओं और विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपतियों बिल क्लिंटन, जॉर्ज बुश और यूनाइटेड किंगडम के प्रिंस चार्ल्स जैसे विदेशी नेताओं को प्रदान किया जा चुका है।

0000000000000000000

केंद्र सरकार ने कक्षा 5 और 8 के लिए नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म कर दिया है। मीडिया से बात करते हुए शिक्षा सचिव संजय कुमार ने कहा कि कक्षा 5 और 8 की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले छात्रों को दो महीने के भीतर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा। दोबारा परीक्षा के बाद अगर वे फिर से फेल होते हैं तो उन्हें प्रमोट नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इन छात्रों को उनकी प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक किसी भी स्कूल से निकाला नहीं जाएगा। सचिव ने कहा कि बच्चों में सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए यह फैसला लिया गया है।

0000000000000000000